# हारे का तू बनके सहारा | By Vishal Malhotra (Bittu)

हारे का तू बनके सहारा आ जाता
मैं बुलाता हूँ पर फिर भी तू आता ना
दास तेरे का बिगड़ा मुकद्दर बन जाता
मैं बुलाता हूँ पर फिर भी तू आता ना

तेरी प्रीत के खातिर बाबा सारी दुनिया छोड़ी
अब तेरे बिन जी ना लागे कैसी प्रीत निगोड़ी
तेरे सिवा अब कुछ भी मन को भाता ना
मैं बुलाता हूँ पर फिर भी तू आता ना

एक तेरे दर्शन को बाबा अँखियाँ झर झर बहती
बिगड़ी मेरी आके बना जा बस तुमसे ये कहती
इसके सिवा दिल कुछ भी तुमसे चाहता ना
मैं बुलाता हूँ पर फिर भी तू आता ना

तू है मेरा मैं हूँ तेरा रिश्ता ये ना टूटे
छूट जाये चाहे सारा ज़माना देर तेरा ना छूटे
बिट्टू का तू पालनहारा कहलाता
मैं बुलाता हूँ पर फिर भी तू आता ना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-vishal-malhotra-bittu/